प्रकाशनार्थ

17 जून, 2023 गोरखपुर।

रक्तदान महादान है को साबित करते हुए एयर फोर्स हॉस्पिटल गोरखपुर तथा गुरु श्री गोरखनाथ ब्लड बैंक के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन एयर फोर्स हॉस्पिटल गोरखपुर परिसर स्थित ब्लड सेंटर में किया।

इस अवसर पर गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने अपने संदेश में कहा है कि एयर फोर्स चिकित्सालय रक्तदान शिविर का आयोजन स्वागत योग्य है। उन्होंने कहा रक्तदान करना अपने आप में एक महत्त्वपूर्ण सामाजिक दायित्व है और इसे महादान भी कहा गया है इसके साथ ही रक्त की आवश्यकता वाले मरीज के लिए जीवनदान के समान है। ऐसे में उन्हें खुशी है कि आज का रक्तदान से एयर फोर्स हॉस्पिटल गोरखपुर में किया गया है । उन्होंने सभी रक्तदान करने वाले चिकित्सक व एयर फोर्स कर्मियों के प्रति आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया है ।

आज के रक्तदान शिविर में डॉ विनील, डॉ सुमित, आरूषी जैन, एस के शुक्ला, राकेश सिंह, नवल किशोर, सतीश कुमार, विजेंद्र सिंह, लक्ष्य प्रताप सिंह सहित लगभग 65 रक्तवीरों ने जोश के साथ रक्तदान किया।

ब्लड बैंक के मोबाइल टीम ने रक्तदान शिविर को सकुशल संपन्न कराया।